ओ संवारे सलोने

ओ संवारे सलोने मेरे बांके बिहारी
तेरे दर्शन को देखो खड़ी दुनिया सारी,
तेरे मोर मुकट है साजे होठो पे बांसुरी बाजे
मैं तो जाऊ तोपे बली बली वारी,
ओ संवारे सलोने मेरे बांके बिहारी

तू दुखियो का इक सहारा है जब जब भी तुझे पुकारा है,
तूने देर नही लगाई कभी संकट से सब को तारा है,
तू देव बड़ा बल्शानी तेरा वचन न जाए खाली
मैं तो तुझको मनाऊ लेके पूजा की थाली
ओ संवारे सलोने मेरे बांके बिहारी

मेरे श्यामा तेरे मोह में हम भूले दुनिया के सारे गम
अब हम को अपना लो भगवन
तेरे दर पे खड़े है कब से हम
मेरी नाव ववर में डोली मिल जाए कान्हा की बोली
अब नैया पार करो वनवारी,
ओ संवारे सलोने मेरे बांके बिहारी

तेरे द्वारे जो भी आता है मुह मांगी मुरादे पाता है,
तेरा दर्शन पा कर ओ गिरधर भव सागर से तर जाता है,
मेरा मोहन मुरली वाला है भारत का रखवाला
तेरी महिमा सुनाये राज दुनिया को सारी
ओ संवारे सलोने मेरे बांके बिहारी

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17547/title/o-sanware-salone-mere-banke-bihari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |